**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 957**
**08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए**

## अयोध्या में हॉलिडे होम्स का निर्माण

957. **श्रीमती डिम्पल यादवः**
**श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**
**डॉ. जयंत कुमार रायः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में हॉलिडे होम्स का निर्माण किया है और इनका संचालन करती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अयोध्या में नए हॉलिडे होम्स के निर्माण की तत्काल आवश्यकता है क्योंकि लाखों कर्मचारी नवनिर्मित राम मंदिर जाने की योजना बना रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): जी हां, हॉलिडे होम/टूरिंग ऑफिसर हॉस्टल की सूची संपदा निदेशालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ई-सम्पदा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(ग) और (घ): किसी भी स्थान पर हॉलिडे होम के निर्माण के विषय में विचार भूमि की उपलब्धता, मांग और आवश्यकता के आकलन तथा निधि की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

*****